हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

04 आचार्य विद्यासागर का अनुशरण कर अमौरी छोड़ फकीरी...



07 मंडी में मुनीमों की मिलीभगत से फर्जी मसरफ के आधार पर भुगतान...



समाचार संक्षेप

देशी गायों की प्रतियोगिता 28-29 को प्रथम पुरस्कार 1 लाख, द्वितीय 50

गुना। भारतीय नस्ल की गायों के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28-29 अक्टूबर को वृंदावन ग्राम में गाय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत होने वाली इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली गायों के लिए नकद पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। आयोजन के जरिए पशुपालकों को देशी गायों के पालन के लिए प्रोत्साहित करने और भारतीय नस्लों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।डॉ. रूपेश चोरासिया ने बताया कि सरकार के निर्देशन में इस वर्ष प्रतियोगिता जिले के वृंदावन ग्रामों में आयोजित की जा रही है। आगामी वर्षों में इसे विकासखंड स्तर पर आयोजित करने की योजना है।उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारतीय नस्ल की गायों को बढ़ावा देना और उनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। तीन श्रेणियों में मिलेंगे पुरस्कारगोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के तहत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गाय के लिए एक लाख रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 50 हजार रुपए और तृतीय स्थान के लिए 25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। आयोजन के माध्यम से पशुपालकों को भारतीय नस्ल की गायों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा।

दीपावली पर नगर पालिका गुना का आवास मेला आज से

गुना। दीपावली के शुभ अवसर पर नगर पालिका गुना द्वारा निर्मित किए जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत टू-बीएचके (एलआईजी) भवनों की बिक्री के लिए मंगलवार से आवास मेले का आयोजन किया जाएगा। इन भवनों को वर्ष 2018 की निर्धारित कीमत पर ही उपलब्ध कराया जा रहा है। इच्छुक नागरिक नगर पालिका कार्यालय अथवा प्रधानमंत्री आवास स्थल पर पहुंचकर अपने पसंदीदा आवास की बुकिंग करा सकते हैं। नगर पालिका द्वारा निर्मित इन भवनों में दो बेडरूम, एक हॉल, किचन, बालकनी, वॉश एरिया और दो शौचालय की सुविधा है। शहर की तेजी से विकसित हो रही लोकेशन पर स्थित यह आवासीय परिसर आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। परिसर के लिए रेरा एवं टीएंडसीपी से संबंधित स्वीकृतियां प्राप्त होने की जानकारी दी गई है। आवासीय परिसर में व्यवस्थित सीवर लाइन, पेयजल के लिए अलग पानी की टंकी, स्ट्रीट लाइट, पृथक विद्युत सब-स्टेशन और खुली सड़कों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। परिसर में कई पार्क भी विकसित किए गए हैं, जिससे रहवासियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सकेगा।

28 अक्टूबर को सांदीपनि विद्यालय फतेहगढ़ में लगेगा रोजगार मेला

गुना। जिला प्रशासन और कौशल विकास व रोजगार विभाग के तत्वाधान में 28 अक्टूबर को शासकीय सांदीपनि विद्यालय, फतेहगढ़ में प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय युवा संगम (रोजगार मेला) का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण तथा 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। आयोजन में युवाओं को स्वरोजगार व हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी और लाभ वितरण किया जाएगा। साथ ही, वित्तीय साक्षरता, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना और स्टार्टअप मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

सुरक्षा जवानों एवं सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए शिविरों का आयोजन

गुना। जिला रोजगार कार्यालय एवं मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला गुना के सहयोग से जीडीएक्स ग्रुप, ग्रेटर नोएडा द्वारा भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के तहत सुरक्षा जवानों के 250 एवं सुपरवाइजर के 30 पदों पर भर्ती के लिए जनपद पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 27 अक्टूबर को जनपद पंचायत आजीविका भवन गुना तथा 28 अक्टूबर 2026 को सांदीपनी विद्यालय फतेहगढ़ (बमोरी) में भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविरों का समय सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है।

हमीरपुर गांव में खंभा गाड़ते समय हुआ हादसा, परिजनों ने ऑपरेटर पर लगाया लापरवाही का आरोप

'शटडाउन के बावजूद चालू कर दी बिजली की लाइन, करंट लगने से श्रमिक की मौत'

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के हमीरपुर गांव में बिजली का खंभा गाढ़ते समय एक भीषण हादसा सामने आया है। शटडाउन लेने के बावजूद दूसरे ऑपरेटर द्वारा अचानक विद्युत लाइन चालू कर दिए जाने के कारण करंट की चपेट में आने से 5-6 दिन से काम कर रहे श्रमिक मनीष कुशवाह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं सोमवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परमिट लेकर किया जा रहा था कार्य

मृतक के पिता श्रीलाल कुशवाह ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सुबह करीब 8 बजे उनकी मनीष से बात हुई थी, जिसमें भतीजी के पूछने पर उसने दो दिन बाद घर आने की बात कही थी। इसके बाद वह खेत पर चले गए थे, तभी थोड़ी देर बाद फोन आया कि गाड़ी लेकर तुरंत हमीरपुर पहुंचो। साथ काम कर रहे साथियों और परिजनों के अनुसार, ठेकेदार द्वारा पांच लोगों को खंभा गाढ़ने के कार्य के लिए भेजा गया था। काम शुरू करने से पहले सुबह 9 बजे नियमानुसार शटडाउन (परमिट) लिया गया था, ताकि सुरक्षित तरीके से कार्य किया जा सके। इस दौरान उन्होंने एक खंभा सफलतापूक खड़ा भी कर दिया था।



ऑपरेटर की लापरवाही से गई जान

परिजनों ने आरोप लगाया कि काम करने वाले श्रमिकों ने लाइनमैन से कहकर विधिवत लाइन बंद करवाई थी, लेकिन उसी दौरान दूसरे ऑपरेटर ने बिना जानकारी के लाइन चालू कर दी। जैसे ही खंभा गाडऩे का कार्य चल रहा था, अचानक हाई-वोल्टेज करंट प्रवाहित होने से मनीष उसकी चपेट में आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

खेत पर मोटर चालू करने गए 27 वर्षीय किसान की करंट लगने से मौत

जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सावत खेड़ी में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। खेत पर पानी की मोटर चालू करने गए 27 वर्षीय युवा किसान की करंट की चपेट में आने से अकाल मौत हो गई। इस अचानक हुए हादसे से मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृत किसान पन्नालाल यादव (27 वर्ष) पुत्र घुमान सिंह यादव रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे गांव के पास स्थित खेत पर बने कुएं पर पानी की मोटर चालू करने के लिए गया था। काफी देर तक जब वह नहीं लौटा, तो उसके छोटे बच्चों ने वहां जाकर देखा और परिजनों को करंट लगने की सूचना दी। खबर मिलते ही बड़े भाई मलखान सिंह व अन्य स्वजन आनन-फानन में गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे और अचेत अवस्था में पन्नालाल को अस्पताल लेकर आए, जहाँ जाँच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद से मृतक के दो मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है और परिवार के सामने भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर पार्थिव देह परिजनों को सौंप दी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

शरद पूर्णिमा पर पुरानी गल्ला मंडी में महाआरती के बाद बंटा खीर का महाप्रसाद

गुना। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर सार्वजनिक श्री राम रामलीला दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी के तत्वाधान में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुरानी गल्ला मंडी स्थित राम भक्त हनुमान मंदिर पर मध्यरात्रि 12 बजे हनुमान जी महाराज की संगीतमय महाआरती की गई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं को खीर का महाप्रसाद वितरित किया गया।

पदाधिकारी व सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे: इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ उठाया और प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान समिति के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल कुशवाहा, सचिव विजय पटेरिया, मीडिया प्रभारी योगेश लोधा, अनिल जैन (रूपश्री), प्रमोद अग्रवाल, दीपक सोनी, पुजारी अतुल शर्मा, गोवर्धन दास मित्तल, लक्ष्मीकांत शाक्य, शैलेंद्र पाठक, अनिल भार्गव एवं महावीर जैन सहित समिति के अनेक पदाधिकारी व सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने मनाई महाराजा अजमीढ़ जयंती

मेधावी छात्रों व वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान, उमड़े स्वजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के आदि पुरुष महाराजा श्री अजमीढ़ देवजी का दो दिवसीय जयंती महोत्सव शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मुख्य समारोह में समाज के वरिष्ठजनों के सम्मान के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक स्नेह भोज के साथ हुआ।इस मौके पर सोमवार को प्रातः 10:30 बजे गणेश वंदना, सरस्वती वंदना और महाराजा श्री अजमीढ़ देवजी की महाआरती के साथ भव्य कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया गया और नगर अध्यक्ष द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश सोनी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रमेशजी बरसत तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. निर्मल सोनी व चंद्रमोहन सोनी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान समाज के 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का विशेष सम्मान किया गया। अतिथियों के उद्बोधन के बाद बालक-बालिकाओं के लिए फैंसी ड्रेस और आकर्षक डांस प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सायं 4 बजे बोर्ड परीक्षाओं व स्नातक में सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में सामूहिक स्नेह भोज का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने सहभागिता की।विभिन्न रचनात्मक आयोजनइससे पूर्व, महोत्सव के पहले दिन महिला मंडल, नवयुवती मंडल तथा जिला व नगर युवा मंडल के पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं हुईं। महिला मंडल द्वारा आयोजित इन आयोजनों में विभिन्न आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए 1 मिनट गेम शो, डांस, हेयर स्टाइल, रंगोली और अनाज से चित्र डेकोरेशन प्रतियोगिताएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं के बाद एक भव्य बाल मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।



शरद पूर्णिमा पर सिंघवासा तालाब में गूंजे मां गंगा के जयकारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर गंगा समग्र मध्य भारत प्रांत के तत्वावधान में सिंघबासा तालाब पर मां गंगा की आरती श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई। आयोजन में शारदा जागृति महिला समिति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान पूरा परिसर मां गंगा के जयकारों से गूंज उठा। गंगा समग्र के जिला संयोजक पंडित मनोज शर्मा ने विधि-विधान से पूजन कराया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती की और जलस्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया। शारदा जागृति महिला समिति की संस्थापक सुनीता अग्रवाल के नेतृत्व में अध्यक्ष शोभा रघुवंशी, उपाध्यक्ष मनाली ओझा, सचिव ज्योति नामदेव सहित अनेक महिलाओं ने आयोजन में भाग लिया। प्रीति शर्मा, मीना अग्रवाल, मनाली कटारिया, शशि भार्गव, ज्योति सुमन, मुन्नी अस्वल, आशा परमार, कलावती बेस्ट, विनिता रावत, ममता पालीवाल और राजश्री श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। भानु प्रताप शर्मा, वरुण चतुर्वेदी और किरण चतुर्वेदी सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भी सहभागिता की।

जल संरक्षण का संदेश

पंडित मनोज शर्मा ने बताया कि गंगा समग्र द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर मां गंगा की आरती आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य नदियों एवं जलस्रोतों के संरक्षण के प्रति जनजागरण बढ़ाना और भारतीय धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि नदियां हमारे जीवन, संस्कृति और आस्था का आधार हैं, इसलिए उनका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

आरोपः दुकान पर सामान पैक करवाते समय शातिर ठग ने सिगरेट और डाइपर सहित 55 हजार का माल उड़ाया

गुना। शहर के सुगन चौराहा स्थित एक दुकान पर खरीदारी के बहाने पहुंचे एक अज्ञात युवक ने दुकानदार की आंखों में धूल झोंककर लगभग 55 हजार रुपये का सामान पार कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित दुकानदार ने सिटी कोतवाली थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस अब क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाला जी का बाड़ा तलैया मोहल्ला निवासी सिद्धांत जैन पुत्र दीपक जैन की सुगन चौराहा पर कांक्ता सुपारी के नाम से दुकान है। बीती दोपहर करीब 1:10 बजे एक अज्ञात व्यक्ति काले रंग की साइन मोटरसाइकिल से उनकी दुकान पर आया था। उस समय दुकान पर सिद्धांत और उनके पिता दीपक जैन मौजूद थे। आरोपी ने दुकान पर पहुंचकर भारी मात्रा में सामान का आर्डर लिखवाया और पैक करने के लिए कहा। पैक किए जा रहे सामान में सिगरेट की डिब्बियां शामिल थीं। जैसे ही दुकानदार सिगरेट की पेटियों के साथ एक डाइपर की पेटी निकालने के लिए अंदर गए, इसी मौके का फायदा उठाकर शातिर ठग काउंटर पर रखा सारा सामान समेटा और अपनी मोटरसाइकिल से जयस्तंभ चौराहे की तरफ फरार हो गया। दुकानदार के मुताबिक आरोपी लगभग 55,000 रुपये का कीमती सामान लेकर भागा है।

ओमकार महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम

गुना। ओमकार महाविद्यालय में बी.एड. और डी.एल.एड. के विद्यार्थियों के लिए स्वच्छता पखवाड़ा एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक व जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भावी शिक्षकों में सामाजिक संवेदनशीलता, स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम के तहत आयोजित पोस्टर मेकिंग गतिविधि में विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया।

उन्होंने अपने आकर्षक और संदेशपरक पोस्टरों के जरिए सकारात्मक सोच, तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने अपने संदेशों के माध्यम से इस बात पर जोर दिया कि एक स्वस्थ जीवन के लिए शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी उतना ही आवश्यक है।स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत छात्र-ध्यापकों से साफ-सफाई से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां कराई गईं।



अवैध आतिशबाजी के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

आतिशबाजी से भरा ट्रक पकड़ा, 30 लाख का मशरूका जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुना जिले की म्याना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आतिशबाजी से भरा एक ट्रक पकड़ा है। पुलिस ने विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी के 15 कार्टून और परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे ट्रक सहित करीब 30 लाख रुपये कीमत का मशरूका जब्त किया है। मामले में ट्रक चालक के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी खेमंत पाण्डेय के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई।



म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिसौरिया और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, 25 अक्टूबर 2026 की शाम म्याना थाना पुलिस को सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक MP09 HG 974 में अवैध रूप से आतिशबाजी भरकर गुना की ओर से बदरवास तरफ ले जाई जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर निगरानी शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी से भरे 15 कार्टून मिले।

वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका चालक

पूछताछ में ट्रक चालक ने अपना नाम पवन पुत्र विनोद जोशी, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम चिनारा, थाना बदरवास, जिला शिवपुरी बताया। पुलिस ने चालक से आतिशबाजी के वैध लाइसेंस और परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे, लेकिन वह मौके पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने आतिशबाजी और परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को विधिवत जब्त कर लिया। आरोपी पवन जोशी के खिलाफ म्याना थाने में अपराध क्रमांक 250/2026 के तहत विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

गुना पुलिस ने आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रति प्रतिबद्धता जताते हुए नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध कारोबार की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

इस कार्रवाई में म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक बृजमोहन सिसौरिया, उपनिरीक्षक राजेंद्र गौर, सहायक उपनिरीक्षक रामकृष्ण रघुवंशी, प्रधान आरक्षक दिलेश गौतमाल तथा आरक्षक सजीशन, देवेंद्र जाटव, रंजीत सिंह, शिवकुमार वर्मा और गिर्राज धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही।

महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर निकला भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

रामायण के रचयिता त्रिकालदर्शी महर्षि वाल्मीकि का प्रकटोत्सव शहर में पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

उत्सव की शुरुआत मथुरा नगर स्थित वाल्मीकि मंदिर में हवन-पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात शहर में एक भव्य चल (शोभायात्रा) समारोह निकाला गया। यह यात्रा मथुरा नगर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौराहा, बस स्टैंड, शास्त्री पार्क, लक्ष्मीगंज, सदर बाजार, हाट रोड, हनुमान चौराहा और तेलघानी मार्ग से होते हुए स्टेशन रोड स्थित वाल्मीकि सांस्कृतिक भवन पहुंचकर संपन्न हुई। जुलूस में सबसे आगे कन्याएं घोड़ों पर सवार होकर धर्मध्वजा थामे हुई थी। वहीं बीच में अखाड़ेदारों ने करतब दिखाए। इस दौरान जुलूस में महर्षि वाल्मिकी द्वारा भगवान शिव को अमृत पिलाकर जान बचाने की झांकी प्रस्तुति की गई। जुलूस के मार्ग में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों द्वारा चल समारोह का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्षद तरुण मालवीय एवं नरेंद्र बीलरवान ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हमें समरसता और उच्च आदर्शों का संदेश देता है।

समाचार संक्षेप

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में शामिल हुए अर्चना-बल्लू चौहान



चांचौड़ा। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा में चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के साथियों के साथ कालापहाड़ निवासी अर्चना-बल्लू चौहान शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दिग्विजय सिंह से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। अर्चना-बल्लू चौहान ने बताया कि सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा 2 नवंबर को चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से यात्रा में शामिल होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की।

राघोगढ़ में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई शरद पूर्णिमा



राघोगढ़। नगर में रविवार को शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की गई। शाम को मंदिरों में खीर का प्रसाद वितरित किया गया। महात्मा गांधी रोड स्थित भोलेनाथ मंदिर में शाम को आरती के बाद श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है। इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने से घर में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहने की मान्यता है। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

भगवान रणछोड़ मंदिर में श्रद्धा और उत्साह से मनाया शरद पूर्णिमा उत्सव

बजरंगगढ़। नगर में स्थित रजक समाज के प्राचीन भगवान रणछोड़ मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष पूजन-अर्चन किया गया और भगवान रणछोड़ जी एवं बजरंगबली जी को पुष्पहार पहनाकर खीर और लड्डुओं का भोग लगाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित करोड़ीलाल बैरागी ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने आरती कर प्रसाद ग्रहण किया। देर रात 12 बजे तक मंदिर परिसर भगवान के जयकारों और भजन-कीर्तन से गूंजता रहा। इस अवसर पर रजक महासंघ के गुना जिला अध्यक्ष बाबूलाल रजक, कार्यकारी जिला अध्यक्ष बलराम झाला, वरिष्ठ नगर अध्यक्ष महेंद्र गौर, सहसचिव कैलाश समासरा, संगठन मंत्री मुकेश बड़ेरिया एवं प्रदीप बड़ेरिया सहित संगठन के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला का 100वां दिन

आचार्य विद्यासागर का अनुशरण कर अमीरी छोड़ फकीरी अपनाओः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य समय सागर जी महाराज का अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के पावन दिवस पर राघौगढ़ नगर में विराजमान मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में भक्ति भाव से मनाया। राघौगढ़ नगर में जारी श्रमण धारा प्रवचन माला के सौ वे दिन विद्यासागर सभागार राघौगढ़ में सोमवार को मंगल प्रवचन करते हुए औजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने कहा मैं स्वयं एवं मेरे साथ चातुर्मास कर रहे मेरे मोक्ष मार्ग के साथी मुनि ओंकार सागर जी महाराज सौभाग्यशाली है कि हमें आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के कर कमलों से मुनि दीक्षा मिली है एवं वर्षों तक उनके साथ रहकर हमने धर्म साधना की है। आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज हमारे बीच नहीं है उनके अनुज आचार्य समय सागर जी महाराज जिनका आज जन्मदिन है। आचार्य समय सागर जी महाराज अब संघ का संचालन कर रहे हैं और हम उनके आदेशों का अनुसरण कर रहे हैं। आपने कहा शरद पूर्णिमा का दिन पावन दिन है आज ही के दिन कर्नाटक के सदलगा में आचार्य विद्यासागर जी महाराज का जन्म माता की कोख से हुआ था। 12 वर्ष बाद आज ही के दिन उनके लघु भ्राता नवाचार्य समय सागर जी महाराज का भी जन्म हुआ था। बचपन में बेटे को मां संस्कारित करती है उसे समय मां ही पूर्ण गुरु होती है। बाद में गुरु ही पूर्ण मां होते हैं। मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने आचार्य विद्यासागर जी महाराज के कथन का उल्लेख करते हुए कहा वर्तमान में जन्मदिन को पाश्चात्य पद्धति से मनाना अनुचित है। हमारे अमूल्य जीवन की एक साल गिर गई है और हम सालगिरह मना रहे हैं। वर्थ डे नहीं वह व्यर्थ डे है।आपने कहा जैन दर्शन के अनुसार जन्मदिन नहीं है यह जिन कुल प्राप्ति दिवस है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने अपने गुरु ज्ञान सागर जी महाराज से दीक्षा लेकर धर्म साधना कर सैकड़ो मुनि आर्यिकाओं को दीक्षाएं देकर जैन धर्म की पताका को आगे बढ़ाया है। आचार्य विद्यासागर जी महाराज लकीर के फकीर नहीं थे।

जहां उन्हें उचित लगता था मुलाचार ग्रंथ का अनुसरण करते थे। जहां आवश्यक होता था प्रथमोयोग के आदिनाथ पुराण का अनुसरण करते थे। आपने कहा सुप्रसिद्ध जैन आचार्य कुंदकुंद स्वामी का दूसरी शताब्दी में हुआ था। उनके बाद 21 वी आचार्य विद्यासागर जी महाराज ऐसे जैन संत हुए हैं जिन्होंने धर्म की पताका को ऊंचाइयों तक पहुंचा है ।

जयघोष के साथ नगर में निकला आरएसएस का भव्य पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन नगर में उत्साह, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के वातावरण के बीच निकाला गया। शासकीय बालक उच्चतर उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण से प्रारंभ हुआ पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान स्वयंसेवक पूरे अनुशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते नजर आए। राष्ट्रभक्ति के जयघोष से वातावरण गूंज उठा और नगरवासियों ने जगह-जगह पथ संचलन का स्वागत किया। पथ संचलन को लेकर नगर में पहले से ही विशेष तैयारियां की गई थीं। विभिन्न स्थानों पर स्वागत के लिए स्टॉल लगाए गए थे, जहां स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर आकर्षक स्वागत द्वार बनाए गए। वहीं, रंगोलियों से सजे मार्गों ने आयोजन की छटा को और बढ़ा दिया। पथ संचलन के गुजरने के दौरान विभिन्न स्थानों पर लोगों की उपस्थिति और स्वागत की तैयारियां देखने को मिलीं। विद्यालय परिसर से शुरू हुआ पथ संचलन निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए आगे बढ़ा। स्वयंसेवकों की एकरूपता, अनुशासित कदमताल और सामूहिक रूप से लगाए जा रहे राष्ट्रभक्ति के जयघोष ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

कुंभराज में काली माता मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन

नवरात्रि पर उमड़े श्रद्धालु, माता के दर्शन कर ग्रहण किया महाप्रसाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

नगर के ब्राह्मण मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध काली माता मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर समिति एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर माता के दरबार को आकर्षक रूप से सजाया गया। चतुर्दशी तिथि और रविवार के संयोग पर आयोजित महाप्रसाद कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7 बजे हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। नवरात्रि के इस विशेष अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां काली के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और महाप्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर समिति एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से संपन्न हुए इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गुना में आबकारी विभाग की कार्रवाई, 87 लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब जब्त, दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में सोमवार, 26 अक्टूबर 2026 को आबकारी वृत्त गुना-1 की टीम ने सिंगवासा चक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों से कुल 87 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 26 हजार रुपये बताई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं ग्वालियर संभाग के उपायुक्त संदीप शर्मा के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया को मुखबिर से सिंगवासा चक में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास अवैध शराब होने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। इस दौरान एक व्यक्ति के पास बोरी और थैले में रखे 75 पन्नी पाउच से लगभग 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम रूपसिंह पारदी, पुत्र भानिया पारदी, निवासी माधोगढ़, जिला अशोकनगर बताया। इसी स्थान पर एक महिला के पास से 27 पन्नी पाउच में रखी लगभग 27 लीटर हाथ भट्टी मदिरा भी जब्त की गई। महिला की पहचान जासम पत्नी भोला पारदी, निवासी सिंगवासा चक के रूप में हुई।

जांच के लिए भेजे जाएंगे नमूने

जब्त मदिरा से तेज गंध आने के कारण उचित जांच के लिए नमूने निकाले गए, जिन्हें एफएसएल ग्वालियर भेजने की प्रक्रिया की गई। आबकारी विभाग ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 49(क) के तहत दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार, एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। दूसरे आरोपी के संबंध में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है।

आबकारी टीम की रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक अरुण कुमार शर्मा, गोविंद सिंह मीणा तथा महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी और खुशबू रघुवंशी की भूमिका सराहनीय रही। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर करीला में समरसता सम्मेलन आयोजित

जनजाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार ने की सहभागिता, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के पावन अवसर पर अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल करीला में सोमवार को समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जनजाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया तथा महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन, उनके आदर्शों और समाज को दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे संपूर्ण भारत वर्ष में महर्षि बाल्मीकि जयंती आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि समरसता सम्मेलन का उद्देश्य समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे, समानता और एकता की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन दर्शन और उनकी शिक्षाओं के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उनके आदर्श समाज को सत्य, सदाचार, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु युवाओं को स्वरोजगार जोडे जाने के लिये जागरूक करना होगा।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी ने अपनी महान रचना रामायण के माध्यम से भारतीय संस्कृति, नैतिकता और आदर्श जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। उनका जीवन और कृतित्व समाज को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। उनकी जयंती पर आयोजित इस प्रकार के सम्मेलन सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करने तथा विभिन्न वर्गों के बीच परस्पर सम्मान और सहयोग की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर महंत नारायण दास,सपना नहारिया,नरेश बालू,जितेन्द्र नहारिया,प्रकाश नहारिया,रवि मोहने, सहित समाजसेवी, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

चोरी के प्रकरण में 24 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार, जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविप्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने चोरी के एक प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गए जेवरात बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 25.10.2026 को फरियादी पवन पाल, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम बगुल्या, हाल त्रिलोकपुरी कॉलोनी अशोकनगर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19.10.2026 को वह परिवार सहित कमरे में ताला लगाकर गांव गया था। 21.10.2026 को लौटने पर कमरे से सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी गायब मिली। फरियादी ने पड़ोसी अभिषेक नामदेव पर संदेह जताया। पुलिस ने अपराध क्रमांक 673/2026, धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी कोतवाली को उक्त प्रकरण में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना कोतवाली पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा फरियादी एवं साक्षियों के कथन लिए गए। संदेही अभिषेक नामदेव से पूछताछ के दौरान चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी अभिषेक नामदेव को गिरफ्तार किया। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर पुलिस ने चोरी गया एक सोने का ओम, एक चांदी का चूड़ा एवं एक जोड़ी चांदी की चैन, कुल अनुमानित कीमत 45,000, विधिवत जब्त की।

स्वयंसेवक संघ ने निकाला भव्य पथ संचलन

चंदेरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के तत्वावधान में सोमवार को चंदेरी नगर में पूर्ण गणवेश के साथ भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन का शुभारंभ नगर स्थित बड़ी सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वयंसेवकों ने ध्वज प्रणाम कर प्रार्थना की।

शहर में 11111 कन्याओं का पूजन कर भण्डारे का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर में शरद पूर्णिमा का पर्व उत्साह पूर्वक मनाया गया। जगह जगह मंदिरों में पूजा अर्चना के आयोजन हुए और भगवान को भोग लगाने के बाद खीर का वितरण किया गया। उधर दूसरी ओर शहर में बलवीर साहू द्वारा स्थानीय मानस भवन में कन्याओं के पूजन और भण्डारे का आयोजन कर उन्हें विभिन्न प्रकार की सामग्री भी प्रदान की गई। शरद पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय मानस भवन में बलवीर साहू विवेकानंद ने प्रति वर्ष की भांती इस वर्ष भी 11111 कन्याओं की पूजा अर्चना की और उन्हें भोजन करवाकर भेंट स्वरूप उपहार भी दिए।

बलवीर साहू द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाता है कन्याओं का पूजन और कन्या भोज

इस दौरान बलवीर साहू से जब चर्चा की गई कि प्रतिवर्ष आपके द्वारा कन्या पूजन किया जाता है यह प्रेरणा कहां से मिली। और यह सिलसिला आपने कब प्रारंभ किया तब उन्होंने बताया कि कोविड 19 की महामारी के समय जब वह घर पर सो रहे थे तब उनकी कुल देवी आदि शक्ति ने स्वपन में कहा था कि आप कन्याओं का पूजन कर उन्हे भोज करवाओ। उन्होंने उसी दिन से ही अपने घर में बने मां के स्थान पर पहुंचकर कहा कि मैं अपनी शक्ति के अनुसार भक्ति करूंगा।

प्राणपुर मरोरा घाटी पर टला बड़ा हादसा

अनियंत्रित होकर पलटा चूना पत्थर से भरा हुआ ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



चंदेरी क्षेत्र के प्राणपुर स्थित मरोरा घाटी पर सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन क्षेत्र में सड़क निर्माण और प्रशासनिक अनदेखी को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

ब्रेक फेल होने से पलटा ट्रक

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजस्थान से कलाई चूना पत्थर, पाउडर की बोरियां भरकर एक ट्रक नंबर आरजे 05 जीबी 6755 ललितपुर की जा रहा था। सुबह करीब 5 बजे जैसे ही ट्रक मरोरा घाटी पर पहुंचा,अचानक ब्रेक फेल होने के कारण वह अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया,लेकिन राहत की बात यह रही कि ट्रक चालक और क्लीनर सुरक्षित बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि घाटी पर तीखे मोड़ होने के कारण उस समय सड़क पर और कोई वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था,वरना एक बहुत बड़ा हादसा घटित हो सकता था। इस मार्ग पर तीखे मोड़ों के चलते अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

कुकू तलैया और थाने के बीच बन रहा अंधा मोड़ बना खतरा

एक तरफ जहां मरोरा घाटी के खतरनाक मोड़ पहले से ही हादसों का सबब बने हुए हैं,वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रशासन की एक और बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कुकू तलैया और थाने के बीच बीआरसी ऑफिस के सामने एक नया अंधा मोड़ तैयार किया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि इस प्रकार के गलत और अवैज्ञानिक निर्माण से आने वाले समय में यहां और अधिक गंभीर सड़क दुर्घटनाएं होंगी। इसके बावजूद जिम्मेदार नकारा और लापरवाह प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह आंखें मूंदे बैठा है और धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मरोरा घाटी और निर्माणाधीन स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, तीखे मोड़ों को सुधारने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं।

तहखाने और खजाने की चाह में दबंगों ने उखाड़ा कुलदेवता का चबूतरा, धार्मिक भावनाएं आहत, पुलिस कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ग्राम प्राणपुर में तहखाने और खजाने की लालच में कुछ लोगों द्वारा क्रूरता और दुस्साहस की हदें पार करने का मामला सामने आया है। दबंगों ने जमीन के नीचे तहखाना खजाना खोजने की चाह में खेत पर बने कुलदेवता के पवित्र चबूतरे को उखाड़कर नेस्तनाबूद कर दिया। इस घटना से पीड़ित परिवार और स्थानीय ग्रामीणों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी और पुलिस को दिए गए शिकायती आवेदन के अनुसार,चंदेरी से लगभग 5 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम प्राणपुर में ऐतिहासिक जनाजन बावड़ी के पास भैरो कुशवाहा का खेत स्थित है। इस खेत पर परिवार का कुलदेवता का प्राचीन चबूतरा और देवस्थान बना हुआ था, जहाँ पीड़ित परिवार नियमित रूप से पूजा-अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करता था। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि गत 2 अक्टूबर 2026 की रात को कुछ लोग खेत पर बने गुप्त तहखाने को तलाशने और खजाना निकालने की नीयत से वहां घुसे। इन लोगों ने सुनियोजित तरीके से कुलदेवता के पवित्र चबूतरे को खोद डाला और उसे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया।

आरोपियों के नाम और संलिप्तता

पीड़ित परिवार द्वारा थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में रिश्तेदार सहित अन्य कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि इन्होंने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाते हुए देवस्थान को खंडित किया है। परिवार ने आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिमजा निवासी फूलसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सलमान, अर्जुन और संजीव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खाईखेड़ा निवासी कैलाश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रमेश,धर्मेन्द, अंतरवाई और रचना अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकलोन निवासी रामवीर बंजारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लक्ष्मण, अज्जी और देवीलाल बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत देसाईखेड़ा निवासी जितेन्द्र केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बाबू रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुपलिया निवासी अशोक अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरबिंद अहिरवार ने दांत से उसकी उंगली काट ली व उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मतावली निवासी देवेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोहन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

देहात पुलिस ने 6 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया, जिनमें 3 मुनीम भी शामिल

मंडी में मुनीमों की मिलीभगत से फर्जी मसरफ के आधार पर भुगतान हड़पने की शिकायत





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कृषि उपज गल्ला मण्डी में वर्षों से बड़े व्यापारियों के यहां फर्जी मसरफ के आधार पर भुगतान हड़पने का मामला सामने आया है, इस मामले में कोई और नही अपितु व्यापारियों के यहां काम करने वाले मुनीम ही इस षड़यंत्र में शामिल हैं। इस घोटाले की व्यापारियों द्वारा एसपी के यहां शिकायत किए जाने के बाद देहात पुलिस ने उक्त घटनाक्रम से जुड़े 3 मुनीमों पर मामला दर्ज किया है। देहात थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि उक्त मामले में 6 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया है,जिनमें 3 मुनीम भी शामिल हैं।

एसपी के यहां की गई थी शिकायत

गल्ला व्यापारी बाबूलाल चक्रेश कुमार की ओर से वैभव जैन द्वारा व्यापारियों के साथ एसपी राजीव कुमार मिश्रा के यहां एक लिखित शिकायत की गई थी, इस शिकायत में कहा गया था कि फर्जी मसरफ के आधार पर 45 हजार रूपए का भुगतान लिए जाने का प्रयास किया गया। जबकि न तो माल की तौल हुई है न व्यापारी के यहां किसान का माल आया है, जबकि मुनीमों की मिलीभगत से फर्जी मसरफ के आधार पर यह भुगतान लिए जाने का प्रयास किया गया। इस तरह का मामला पहली बार पकड़ में आया है।

कृषि उपज गल्ला मंडी में ऐसे होता है यह षड़यंत्र

कृषि उपज गल्ला मंडी में जब किसान माल बेचने के लिए आता है और नीलामी बोली में जब उसके माल की नीलामी होती है तब मण्डी प्रशासन द्वारा दो मसरफ काटी जाती हैं, एक मसरफ किसान को प्रदान की जाती है और दूसरी मसरफ व्यापारी के मुनीम को दी जाती है। इसी बीच यदि किसान अपना माल बेचने से इन्कार कर देता है तब वह मसरफ कैंसिल हो जाती है लेकिन दूसरी मसरफ मुनीम के पास रहती है इस दूसरी मसरफ के आधार पर फर्जी किसान तैयार कर मुनीमों द्वारा व्यापारी के यहां से पेमेंट ले लिया जाता है, जबकि किसान माल देकर ही नहीं जाता। मण्डी में दो प्रकार के व्यापारी हैं एक व्यापारी वह है जो प्रतिदिन 20 से 50 ट्राली से अधिक माल की खरीददारी करते हैं, एक व्यापारी वह है जो 10 से 15 ट्राली माल खरीदते हैं, छोटे व्यापारी के यहां तो पता लग जाता है कि यह मसरफ आई है तो इसका माल कहां है लेकिन बड़े व्यापारियों के यहां पता ही नहीं चलता क्योंकि उनके यहां खरीदे गए माल का ढेर लगता जाता है, जब स्टॉक का मिलान हो तब व्यापारी यह माल लेता है कि घटती बढ़ती में यह स्टॉक कम हो गया होगा जबकि ऐसा नहीं है, यह षड़यत्र वर्षों से व्यापारियों के यहां चल रहा है, मुनीम मिलकर किसान की मसरफ कैंसिल कराते हैं और दूसरे मसरफ से पेमेंट लेकर चले जाते हैं, अब तक इस चोर रास्ते से करोड़ों का पेमेंट होने की संभावनाएं जताई गई हैं।

व्यापारियों का कहना है कि सारा काम मुनीमों की मिली भगत का

व्यापारी का कहना है कि फर्म का मसरफ काटना तथा खरीदी की प्रविष्टि करना इन्हीं मुनीमों के कार्य में आता है। बिना माल फड़ पर आए फर्म के नाम से मसरफ कटना इन मुनीमों की जानकारी एवं सहयोग के बिना संभव नहीं है। इस कार्य के मुख्य सूत्रधार यही मुनीम हैं, तथा वाहन, कथित किसान एवं दलाल की व्यवस्था इन्हीं के द्वारा की गई। इनसे कड़ाई से पूछताछ की जाए ताकि पूरे मामले का खुलासा हो सके।

मंडी के अन्य व्यापारियों के लिए खतरा

सीज़न में मंडी में आवक अधिक होने के कारण हर मसरफ, कांटा पर्ची, वाहन और फड़ पर आए माल का तत्काल मिलान करना व्यापारियों के लिए कठिन होता है। इसी का लाभ उठाकर मुनीम, दलाल एवं बाहरी व्यक्ति मिलकर अन्य फर्मों के साथ भी ऐसी धोखाधड़ी कर सकते हैं। यह किसी संगठित गिरोह का कार्य भी हो सकता है, जिसकी जांच आवश्यक है।

खास बातें

- उक्त प्रकरण में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना एवं आपराधिक षड्यंत्र की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जाए।
- मुख्य संदिग्ध मुनीम विशाल पाल, शिवकुमार शर्मा एवं अनिकेत यादव से कड़ाई से पूछताछ की जाए।
- दलाल नीरज जैन, विनीत रजक, वाहन मालिक राकेश साहू एवं कथित किसान की भूमिका की जांच की जाए।
- मंडी प्रशासन से 22 अक्टूबर का प्रवेश रिकॉर्ड, कांटा पर्ची (भरी एवं खाली तौल), मसरफ प्रविष्टि एवं सीसीटीवी फुटेज तत्काल जब्त कर सुरक्षित किए जाएं।
- संदिग्धों के मोबाइल कॉल विवरण की जांच कर उनके आपसी संबंध एवं षड्यंत्र का पता लगाया जाए।
- जांच की जाए कि क्या इन व्यक्तियों ने पूर्व में मेरी फर्म या मंडी की अन्य फर्मों के साथ इसी प्रकार की धोखाधड़ी की है।
- दोष सिद्ध होने पर सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

माल की तौल ही नहीं हुई और पेमेंट की मांग की गई

पूरा घटनाक्रम इस प्रकार है कि 22 अक्टूबर को राकेश साहू का पिकअप वाहन मक्का लेकर कृषि उपज मंडी अशोकनगर में आया। फर्म के नाम से विनीत रजक का मसरफ काटा गया, जिसमें 23 क्विंटल मक्का, दर 1,960 प्रति क्विंटल के हिसाब से कुल राशि 45,080 दर्शाई गई। विनीत रजक, दलाल नीरज जैन के साथ उक्त फर्म पर मसरफ का भुगतान लेने पहुंचा। संदेह होने पर मैंने जांच की,जांच में पाया गया कि वाहन मंडी के कांटे पर तो पहुंचा, परंतु मक्का उनकी फर्म के फड़ पर कभी नहीं उतरी। इसके बावजूद भुगतान के लिए मसरफ दिया गया। किसान के रूप में जो व्यक्ति लाया गया था दरअसल वह उक्त फर्जी मसरफ उनकी ही फर्म के मुनीम द्वारा ही बनाया गया था। जिसमें मुनीमों के रूप में कार्यरत विशाल पाल, शिवकुमार शर्मा, अनिकेत यादव शामिल हैं।

अमर सेनानी गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर किया गया नमन



अशोकनगर। अशोकनगर में निर्भीक पत्रकारिता, जनसेवा और सत्य के प्रति अटूट निष्ठा के प्रतीक अमर शहीद पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी जी की जयंती पर सोमवार को जिला पत्रकार संघ अशोकनगर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारों ने विद्यार्थी जी के संघर्षमय जीवन, क्रांतिकारी विचारों और पत्रकारिता के उच्च आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी केवल एक पत्रकार नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध उठी वह निर्भीक आवाज थे, जिसने अपनी कलम को जनचेतना और वंचितों की आवाज का हथियार बना दिया। विद्यार्थी जी की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने की दिशा में कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण पहल पर भी चर्चा हुई। वरिष्ठ पत्रकार मनोज जैन ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी जी की शिक्षा मुंगावली में हुई थी, इसलिए मुंगावली का नाम उनके नाम पर रखा जाना चाहिए तथा मुंगावली रेलवे स्टेशन पर भी उनके नाम का शिलालेख स्थापित किया जाना चाहिए। इस प्रस्ताव को लेकर जिला पत्रकार संघ द्वारा आवश्यक स्तर पर पहल और कार्रवाई करने की बात कही गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी महान व्यक्तित्व को सच्ची श्रद्धांजलि केवल स्मरण करने से नहीं, बल्कि उनके विचारों और योगदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने से होती है।

संघ के महासचिव देवेंद्र ताम्रकर ने कहा कि मुंगावली का नाम अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी के नाम पर किए जाने की मांग को लेकर जिला पत्रकार संघ आवश्यक कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जी की स्मृति को सम्मान देने की यह पहल पत्रकारिता के इतिहास और क्षेत्र की पहचानकृदोनों के लिए महत्वपूर्ण होगी। वरिष्ठ पत्रकार नीरज शुक्ला ने कहा कि सत्यनिष्ठ पत्रकारिता करने वाले प्रत्येक पत्रकार में गणेश शंकर विद्यार्थी की विचारधारा आज भी जीवित है। उनकी निर्भीकता और जनपक्षधर पत्रकारिता आज की पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को विद्यार्थी जी के त्याग, साहस, संघर्ष और राष्ट्रनिष्ठ पत्रकारिता से परिचित कराना तथा उनकी स्मृति को जनमानस में चिरस्थायी बनाना रहा। इस अवसर पर जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष अरविंद जैन, राजेंद्र रजक, पवन जैन, मनोज कलाकारा, दिनेश पालिवाल, संतोष जैन, कमलेश गुप्ता, राजीव, संजीव यादव, चंद्रपाल बघेल सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। गणेश शंकर विद्यार्थी की कलम ने जिस दौर में सच के लिए आवाज उठाई थी, आज उसी निर्भीक पत्रकारिता की मशाल को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

बीना रिफाइनरी के डंपर चालक की मौत, परिजनों ने चक्का जाम कर विरोध जताया

अशोकनगर। मुंगावली बीना सड़क मार्ग पर पुलिस ने एक 26 वर्षीय युवक का शव बरामद किया हैं उसकी बाईक सड़क किनारे पड़ी पाई गई है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है, पोस्ट मार्टम के बाद मृतक का शव सड़क पर रखकर विरोध जताया और आरोपियों पर मामला दर्ज करने की मांग की गई। नरखेड़ा निवासी नीरज लोधी पुत्र घनश्याम लोधी जो रिफाइनरी में डंपर चलाने का काम करता है, परिजनों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गांव के कुछ लोगों से उसका विवाद चल रहा था, बताया गया है कि जब नीरज अपने घर वापिस लौट रहा था, तभी उसकी हत्या की आशंका है जिसे लेकर आरोप लगाया गया है।

गली-गली पुष्प बरसाकर विमानो का किया स्वागत।

नगर भ्रमणकर धूमधाम के साथ निकली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा श्री जी के वार्षिक विमान महोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

इस उत्सव के अंतर्गत प्रातःकाल हाटकापुरा आदिनाथ जैन मंदिर से श्री जी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। जो श्री दिगंबर जैन चैबीसी मंदिर,पाश्र्वनाथ जैन मंदिर होते हुए बजरिया मोहल्ला,मूसा बावड़ी और वीर बावड़ी से गुजरते हुए सदर बाजार पहुंची। शोभायात्रा के दौरान श्री जी का पंडाल में मंगल प्रवेश कराया गया,जिसमें फूलमालाओं और ज्ञानमालाओं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री जी के भ्रमण के दौरान शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। जगह-जगह रंगोलियाँ बनीं,और नगर में तरह-तरह की सजावट की गई। सहधर्मी माताएँ और बहनें श्री जी का स्वागत आरती कर रही थीं। इस विशेष विमान उत्सव चल समारोह में सर्वप्रथम



डीजे,चाचढ नवयुवक ढोल के साथ शाडोरा बैंड, महिलाओं एवं बालिकाओं के ग्रुप गरवा डांडिया आदि के खंदार सेवादल एवं हाटकापुर दिव्यघोष के उपरांत त्रय विमान जी क्रम से चल रहे थे महिला, पुरुष एवं बच्चों ने अपनी-अपनी गणवेश में चल समारोह में भाग लिया। इसके बाद, श्री जी की शोभायात्रा दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र खंदार गिरी जी पर पहुंची, जहां श्री जी का पूजन एवं अभिषेक का कार्यक्रम भव्य तरीके से संपन्न हुआ।

धूमधाम से मनाई अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

नगर गौरव मूर्धन्य पत्रकार एवं अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी जी की 136वीं जयंती सोमवार को नगर में धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, इकाई मुंगावली के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने विद्यार्थी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के गणेश शंकर विद्यार्थी चैराहे पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ हुआ। इसके पश्चात सभी उपस्थितजन गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय पहुंचे जहां उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया

चौराहे से महाविद्यालय तक अर्पित किए श्रद्धासुमन, स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को किया याद



गया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल एवं एसडीओपी ओमप्रकाश मिश्रा ने विद्यार्थी जी के जीवन परिचय, पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान तथा देश की आजादी के आंदोलन में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने अपनी निर्भीक पत्रकारिता के माध्यम से अन्याय और शोषण के विरुद्ध आवाज उठाई तथा देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार आज भी पत्रकारिता और समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

मुंगावली से रहा विद्यार्थी जी का विशेष जुड़ाव गणेश शंकर विद्यार्थी जी का मुंगावली से विशेष संबंध रहा है उनकी प्रारंभिक शिक्षा मुंगावली में हुई थी। यही कारण है कि नगरवासियों के लिए उनका व्यक्तित्व और स्मृतियां विशेष महत्व रखती हैं। नगर में प्रतिवर्ष उनकी जयंती पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। उनके नाम से स्थापित चैराहा और महाविद्यालय भी नगर के लोगों को उनके योगदान की याद दिलाते हैं कार्यक्रम में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह दांगी, महासचिव एवं भाजपा मीडिया प्रभारी भारतेन्द्र सिंह बैस, एसडीओपी ओमप्रकाश मिश्रा, तहसीलदार कैलाशचंद मालवीय, थाना प्रभारी अरविंद सिंह कछुवाह, धर्मेंद्र जैन अचलगढ़, रूपेश जैन, पार्षद तरुण राय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी शर्मा, शिक्षक मनोज सरवैया, पत्रकार श्यामलाल ग्वाल, बलवीर सिंह यादव, अनुज जैन, राहुल जैन, वरिष्ठ पत्रकार मूलचंद राय, राजीव राय, कपिल कबीर, शंकर राजपूत, राजेश कौशिक, राजेश आदि रहे मौजूद।

शाढ़ौरा में विजया दशमी उत्सव व भव्य पथ संचलन संपन्न



शाढ़ौरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड शिवनगर (शाढ़ौरा) का विजया दशमी उत्सव व पथ संचलन कार्यक्रम स्थानीय हायर सेकेंडरी स्कूल शाढ़ौरा के परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में खंड के सभी स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में उत्साह पूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता का पाथेय और पंच परिवर्तन कार्यक्रम में विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र रघुवंशी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला संघ का इतिहास और भूमिका संघ की स्थापना, यात्रा और वर्तमान समय में समाज निर्माण में इसकी प्रासंगिकता व भूमिका। चुनौतियां वर्तमान समय में समाज के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा। पंच परिवर्तन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संघ द्वारा चलाए जा रहे पांच महत्वपूर्ण विषयों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। स्व का बोध सामाजिक समरसता। नैतिक कर्तव्य भव्य पथ संचलन और स्वागत बौद्धिक एवं पाथेय के पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने अनुशासित ढंग से पथ संचलन में सहभागिता की। संचलन पारंपरिक घोष (बैंड) की प्रेरणादायी धुनों के साथ नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर गुजरा।मार्ग में जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का अभिनंदन व स्वागत किया गया।

श्रद्धालुओं ने शहर में निकाला चल समारोह, जयंती पर कई जगह हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

जिले में महर्षि बाल्मीकि जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में महर्षि बाल्मीकि जी का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय पर बाल्मीक जयंती पर चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। जिले के अनेक स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए।

जिला मुख्यालय अशोकनगर में मनाया गया महर्षि बाल्मीकि का जन्मोत्सव

शहर के बाल्मीक मोहल्ला में बाल्मिक मंदिर पर समाज द्वारा सुबह से ही पूजा अर्चना प्रारंभ हो गई थी। यहां पर रामायण का पाठ किया गया और कई सामाजिक संगठनों ने मंदिर पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि जी के चरणों में पुष्प अर्पित किए। समाज जनों से भेंट की। इस दौरान दोपहर 3:00 बजे से महर्षि वाल्मीकि मंदिर से निकाले गए एक चल समारोह में महर्षि बाल्मीकि जी झांकी एवं विमान निकाला गया, जगह जगह आरती की गई।

इस चल समारोह में विमान को लेकर श्रद्धालु चलते हुए साथ में नजर आए। जिन मार्गों से चल समारोह निकला उन मार्गों पर समाजजनों द्वारा महर्षि बाल्मीकि जी आरती की,श्रद्धालुओं को शीतल जल पिलाया। चल समारोह में युवक और युवतियां नाचते गाते हुए देखे गए। समाज जनों द्वारा चल समारोह निकाला गया जो शहर के प्रमुख मार्ग से होता हुआ बाल्मिक मंदिर पर पहुंचा जहां समाज जनों ने प्रसाद वितरण किया। महर्षि वाल्मीकि जयंती हर शरद पूर्णिमा को मनाई जाती है। वाल्मीकि जी को संस्कृत साहित्य का प्रथम कवि और रामायण के रचयिता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने रामायण महाकाव्य की रचना की थी। जो धर्म, सत्य, न्याय, और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा देता है। उन्होंने सत्य



और धर्म का मार्ग अपनाकर रामायण की रचना की। उनके आश्रम में माता सीता ने वनवास का समय बिताया तथा उनके पुत्र लव-कुश का जन्म भी वहीं हुआ। रामायण में करीब 24,000 श्लोक हैं, जो इसे संस्कृत के सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रंथों में से एक बनाते हैं।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, बैंड-बाजों की धुन पर झूमे समाजजन

सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती वाल्मीकि समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ नईसराय कस्बे में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने भगवान महर्षि वाल्मीकि की पूजा-अर्चना कर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर प्रांगण में हुई, जहां समाज के सभी लोग एकत्रित हुए। यहां विधि-विधान से भगवान महर्षि वाल्मीकि की पूजा-अर्चना



की गई। इसके बाद भगवान वाल्मीकि को आकर्षक डोली में विराजमान किया गया। साथ ही भगवान की सुंदर एवं मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा नईसराय के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची और नगर भ्रमण करते हुए आगे बढ़ी। बैंड-बाजों की मधुर धुन के बीच निकली शोभायात्रा में समाज के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। भगवान महर्षि वाल्मीकि की जय-जयकार से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा के दर्शन कर भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

शोभायात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि की आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। समाज के लोगों ने एकजुट होकर जयंती समारोह में अपनी सहभागिता निभाई। आयोजन के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारे और धार्मिक आस्था का संदेश दिया गया। भगवान महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके आदर्शों को याद करते हुए लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का संदेश भी दिया। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा वापस भगवान वाल्मीकि मंदिर पहुंची। यहां भगवान की महाआरती की गई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात बाहर से आए अतिथियों का सम्मान किया गया।

पिपरई में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

पिपरई नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पावर हाउस स्थित वाल्मीकि मंदिर से भगवान को सुसज्जित बग्गी में विराजमान कर भव्य चल समारोह निकाला गया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सकल हिंदू समाज ने किया पूजन

महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर सकल हिंदू समाज अशोकनगर द्वारा वाल्मीकि मंदिर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि जी का विधिवत पूजन एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। उपस्थित जनों ने उनके जीवन, साहित्य और समाज को दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। वे आदि कवि के रूप में पूज्यनीय हैं और उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, आदर्शों एवं नैतिक मूल्यों का अमूल्य ग्रंथ है। रामायण में भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का जो वर्णन मिलता है, वह युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा। महर्षि वाल्मीकि की साधना, तपस्या और साहित्यिक योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें समाज में सद्भाव, सेवा और संस्कारों को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी, समरसता प्रमुख राजेश जैन, उपाध्यक्ष विकास जैन, मोहन नामदेव, दिनेश चैरसिया, हरिओम रघुवंशी, कांताप्रसाद शर्मा, बबलू गुर्जर सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं वाल्मीकि समाज की ओर से नारायण बालू, सीताराम बालू, महेंद्र नहरिया, संजय, कमलेश बालू, गौरव, राकेश सहित समाज के अन्य प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर चल रहे बयानों के तीर

'वोट बचाओ, देश बचाओ' पर आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा पर बरसे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा उज्जैन से अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा पर जिले में सियासत तेज हो रही है। इस यात्रा को लेकर दोनों दलों के नेताओं द्वारा लगातार एक-दूसरे पर तंज कसे जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस द्वारा सोमवार को वोट बचाओ, देश बचाओ पर आयोजित प्रेसवार्ता में पार्टी जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची ने जिले के दो भाजपा विधायकों पर नुकीला तीर चला दिया।

स्थानीय मिडवे ट्रीट पर आहूत हुई इस प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि 'जिस व्यक्ति का विधायक रहते हुए जनाजा यहां के सीएमओ ने निकाल दिया, उनको किसी कार्यक्रम में बुलाने से इनकार कर दिया। जिस व्यक्ति के विधायक रहते हुए जल जीवन मिशन के जीएम ने भी उनका जनाजा निकाल दिया। और मैं उस जनाजे की तो बात ही नहीं कर रहा जो उनका भोपाल में निकल चुका है।



राजगढ़ और खिलचीपुर विधायक ने यह दिए थे बयान

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव ने दिग्विजय सिंह की यात्रा पर तंज कसते हुए कहा था उन्हें इस यात्रा से कोई लेना-देना नहीं है। (दिग्विजय सिंह) का जनाजा तो यहां (राजगढ़ लोकसभा) से निकल चुका है। अब क्या जरूरत है उनकी। अब वे नए सिरे से अपना जीवन तलाश रहे हैं। उन्हें इस यात्रा से कोई लेना-देना नहीं है। वहीं खिलचीपुर विधायक हजारालाल दांगी ने सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा को बेफिजूल की नौटंकी बताया था। वहीं कहा था कि दिग्विजय सिंह के पास अब कोई काम नहीं बचा है। उनका राजनीतिक जनाजा तो निकल चुका है।

वोट चोरी पर यह बोले पर्यवेक्षक बालासाहब

जिस वोट चोरी विषय पर उक्त प्रेसवार्ता आयोजित हुई थी उस पर कांग्रेस पर्यवेक्षक बालासाहब थारोत ने कहा कि पूरे देश में वोट चोरी करके भाजपा अपनी सरकारें बना रही है। पूरे देश में एसआईआर के जरिए कांग्रेस समर्थकों के धड़ल्ले से नाम हटाए गए और अभी भी हटाए जा रहे हैं। इंका जिलाध्यक्ष सिंह ने बताया कि राजगढ़ जिले के कुरावर, सारंगपुर, खिलचीपुर में तो यह बात स्पष्टतः सामने आ चुकी है कि एक समुदाय विशेष के मतदाताओं के थोकबंद नाम मतदाता सूचियों से विलोपित कर दिए गए। आगे उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता या वोट रक्षक स्वयंसेवकों के बीच समन्वय बनाकर मतादाता सूची का बूथवार सत्यापन किया जाएगा। पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर संबंधित के दस्तावेजों के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



सनातन यात्रा में शामिल होने के लिए बांटे पीले चावल

खुजनेर। महाकाल की नगरी उज्जैन से रामधाम अयोध्या तक निकाली जा रही पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा सत्य सनातन स्वाभिमान पदयात्रा 28 अक्टूबर को शाम 5 बजे खुजनेर पहुंचेगी। यात्रा के खुजनेर पहुंचने से पहले शहर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल यादव के नेतृत्व में सोमवार को शहर में पीले चावल बांटकर धर्मप्रेमी नागरिकों को आमंत्रित किया गया। आयोजकों ने नगरवासियों से यात्रा के स्वागत और कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल यादव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामगोपाल पाटीदार, अखिलेश गुप्ता, बाबू वर्मा, गोपाल ठाकुर, देवचंद्र मालवीय सहित कांग्रेसी उपस्थित थे।

वोट चोरी और चंदा चोरी के खिलाफ निकाली जा रही यात्रा

सनातन धर्म, सर्वधर्म समभाव, सत्य व अहिंसा का मार्ग : दिग्विजय सिंह



सत्य सनातन यात्रा सारंगपुर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की वोट चोरी और चंदा चोरी के खिलाफ निकाली जा रही सत्य सनातन यात्रा सोमवार शाम करीब 4 बजे सारंगपुर पहुंची। गोपालपुरा बायपास के पास एक निजी पेवर्स फैक्ट्री में विश्राम के दौरान उन्होंने प्रेस वार्ता की। इस दौरान दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए हिंदुत्व और सनातन धर्म को अलग-अलग बताया।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सर्वधर्म समभाव, सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाता है, जबकि हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाई जा रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनकी यात्रा का उद्देश्य वोट चोरी और चंदा चोरी के मुद्दों को उठाने के साथ सनातन धर्म को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा, सनातन धर्म को हिंदुत्व के नाम पर बदनाम किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश में भी सनातन धर्म को सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया जाए। यह एक छोटा-सा प्रयास है, जिसमें सभी के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि वोट चोरी के मुद्दे पर कार्रवाई नहीं हुई तो देश में लोकतंत्र और संविधान के सामने संकट खड़ा हो सकता है।



दिग्विजय सिंह ने एक नवंबर को इंडिया गठबंधन की प्रस्तावित जनसभा में लोगों से शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि वोट चोरी के खिलाफ चर्चा कर जनजागरूकता का माहौल बनाना जरूरी है।

भाजपा पर साधा निशाना, हिंदुत्व को लेकर कही यह बात

दिग्विजय सिंह ने कहा कि हिंदुत्व शब्द का इस्तेमाल सावरकर ने किया था और उनके मुताबिक इसका सनातन धर्म से संबंध नहीं है। भाजपा के पास जनहित के मुद्दे नहीं हैं और वह हिंदुत्व के नाम पर नफरत फैलाती है। इसके विपरीत सनातन धर्म लोगों को जोड़ने का काम करता है। चंदा चोरी के मामले में हुई कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए कहा कि इस मामले में अभी छोटी मछलियां पकड़ी गई हैं, जबकि चंपत राय, अनिल मिश्रा और गोपाल राव पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं।मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में व्यवधान के सवाल पर सिंह ने कहा कि सभा को बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने मांग की कि सभा में व्यवधान डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, कृष्ण मोहन मालवीय, प्रदीप जैन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद अली,शहर अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी, वरिष्ठ नेता नंदलाल नागर प्रदीप सादानी, प्रवक्ता लखन धनगर, अखिलेश राठी, ब्लॉक अध्यक्ष बनवारीलाल मालवीय, शोएब हसन राही सहित साधु संत और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

विभिन्न देवालयों में हुई आरती

शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में खीर प्रसाद का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शरद पूर्णिमा के अवसर पर रविवार रात नगर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का माहौल रहा। इस अवसर पर राधा-कृष्ण मंदिर, राम मंदिर सहित विभिन्न देवालयों में भगवान की विशेष आरती के बाद खीर का प्रसाद वितरित किया गया। आधी रात को प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल भी मौजूद रहे। नगर के राधा-कृष्ण मंदिर सोनी समाज, राधा-कृष्ण मंदिर राठौर समाज, चतुर्भुज नारायण मंदिर विजयवर्गीय समाज, राम मंदिर ब्राह्मण समाज, विट्ठल मंदिर, अंबे माता मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कपिलेश्वर महादेव मंदिर, शनि मंदिर सैदबाग, पछेटवाड़ी हनुमान मंदिर, व्यकेश्वर महादेव मंदिर और देव कुआं स्थित चिंतामणेश्वर महादेव मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए। रविवार रात्रि 12 बजे भगवान की आरती के पश्चात खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार किया और भक्तिभाव के साथ प्रसाद ग्रहण किया। मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा की रात का विशेष महत्व है। इस दिन चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं के साथ दिखाई देता है। परंपरा अनुसार शरद पूर्णिमा पर खीर बनाकर भगवान को भोग लगाया जाता है और बाद में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। नगर के विभिन्न मंदिरों में आयोजित इन धार्मिक कार्यक्रमों के चलते वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मंदिरों में श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़, खीर की प्रसादी का वितरण, शरद पूर्णिमा पर भजन संध्या व महाआरती की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्र में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन भजन कीर्तन किए गए। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा महाआरती में शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

इसी कड़ी में नगर के चैपड़ा बाजार स्थित बांके बिहारीनाथ मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन तथा भजन कीर्तन किए गए, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस से



सराबोर कर दिया। भजन संध्या के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। रात्रि करीब 12 बजे महाआरती की गई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को खीर की प्रसाद वितरित किया गया।

इसी क्रम में नगर के हनुमान मंदिर, गरूढ़ासीन भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर किशनगढ़, श्रीराम मंदिर आवास कॉलोनी, श्रीराम मंदिर भावसार समाज, बागवाले गोपा चैहानजी मंदिर,बुधवारिया बाजार बालाजी, त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर शिव चैक सहित अन्य मंदिरों में भी शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न मंदिरों में महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को खीर की प्रसादी वितरित की गई। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला और मंदिरों में धार्मिक माहौल बना रहा।

मंदिरों को फूलों और विद्युत रोशनी से सजाया गया

शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में विशेष श्रृंगार कर चांदनी रात में बनाई खीर बांटी

खुजनेर। शरद पूर्णिमा रविवार को खुजनेर सहित आसपास के क्षेत्र में पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिरों को विद्युत रोशनी से सजाया गया, वहीं चांदनी रात में भगवान को खीर का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

सांवलिया सेठ मंदिर में महाआरती के बाद बांटा प्रसाद

शरद पूर्णिमा के अवसर पर सांवलिया सेठ मंदिर में भगवान का विशेष श्रृंगार कर सफेद वस्त्रों एवं सोने-चांदी के आभूषणों से सजाया गया। रात्रि में महाआरती के बाद भगवान को



खीर का भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों में उत्साह देखने को मिला। वहीं पुराना थाना स्थित चरणदास मंदिर, गोवर्धननाथ मंदिर, श्री द्वारकाधीश मंदिर, खाटू श्याम मंदिर में भी शरद पूर्णिमा उत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। यहां भगवान राधा-कृष्ण को मंदिर प्रांगण में विराजमान कराकर खीर का भोग लगाया गया। रात्रि 9 बजे भगवान को चांदनी रात में विराजमान किया गया। इसके बाद महाआरती कर श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। वहीं शहर के नरसिंह मंदिर, खाकी जी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी शरद पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक आयोजन किए गए।

वाल्मीकि जयंती पर समाजजनों ने निकाला जुलूस मंदिर पहुंचकर हुए विविध धार्मिक आयोजन



राजगढ़। रामायण के रचियता महर्षि वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि समाजजनों द्वारा सोमवार दोपहर नगर में विशाल जुलूस एवं कलश-यात्रा आयोजित की गई। ढोल-ढमाकों, गाजे-बाजे और डीजे के संगीतमय गीतों पर निकले इस जुलूस में समाज के बच्चे, महिला-पुरुष उत्साह के साथ शामिल हुए। जुलूस और कलश-यात्रा में समाज की मातृ-शक्तियां लाल एवं पीले वस्त्र व पुरुष धवल परिधान धारण करके साथ चल रही थे। स्थानीय वाल्मीकि नगर, इंदिरा कॉलोनी से शुरू हुआ यह जुलूस विभिन्न मार्गों से होता हुआ खिलचीपुर नाका स्थित मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। मंदिर में यज्ञ, हवन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-आरती करवाई गई। तत्पश्चात महाप्रसादी में सभी ने एक परिसर में बैठकर प्रसादी गृहण की। उल्लेखनीय है कि वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि के प्राकाट्य दिवस पर प्रतिवर्ष इस तरह का आयोजन करवाया जाता है।

शरद पूर्णिमा पर अग्रवाल समाज ने किया डांडिया-गरबा



जीरापुर। नगर के आवास कॉलोनी स्थित अग्रवाल समाज धर्मशाला में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व अग्रवाल समाज द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां पर कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल मेडीकल ने बताया कि समाज द्वारा शरद पूर्णिमा पर गरबा डांडिया नृत्य करने के पीछे यह उद्देश्य है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने महारास करके खुशियां मनाई थी। समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं एवं बच्चों ने गरबा डांडिया नृत्य में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आपस में खुशी का इजहार कर सभी ने डांडिया-गरबा नृत्य कर इस पर्व की खुशियां मनाईं। इसके पश्चात महाआरती की गई तथा खीर का भोग लगाकर समाजजनों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल, जिला सचिव जितेंद्र अग्रवाल,सचिव मंगलेश गोयल , मनोज अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, शैलेंद्र खरेशवाल, अंशुल अग्रवाल, रमेशचंद्र अग्रवाल जिला अध्यक्ष राजेंद्र बंसल सहित समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल की सदस्य एवं बच्चे उपस्थित रहे।

शाकाल ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया था भंडारा

अनवरत 8 घंटे तक चलता रहा मैया का नगर भंडारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्थानीय गणेशजी की छतरी से जुड़े शाकाल ग्रुप द्वारा शरद पूर्णिमा पर नगर के विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया। दोपहर 2 बजे कन्या भोज से शुरू हुआ यह द्वारा देर रात्रि 11 बजे अनवरत चल रहा। इस दौरान नगर सहित क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने इस भंडारे में प्रसादी गृहण की। भंडारे के लिए समिति द्वारा व्यापक स्तर पर की गई व्यवस्थाओं, वलेंटियर्स की उचित व्यवस्था के चलते हजारों लोगों ने एक सड़क पर बैठकर प्रसादी ग्रहण की। वालेंटियर्स में न केवल शाकाल ग्रुप बल्कि नगर की अन्य सामाजिक समितियों के युवा भी उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। सर्वाधिक महिला श्रद्धालुओं, कन्याओं, युवतियों ने इस भंडारे में पहुंचकर प्रसादी गृहण की। भंडारा आयोजन उपरान्त उन सभी समितियों का भी शाकाल ग्रुप द्वारा स्वागत, अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि समिति द्वारा माताजी स्थापना के 18 वर्ष पूर्व होने पर उक्त भव्यतम नगर भंडारे का आयोजन करवाया गया था।

कल निकाला गया विसर्जन जुलूस

यहां यह भी बतादें कि शाकाल ग्रुप ने इस प्रस्तावित भंडारे के चलते अभी तक माता की प्रतिमा का विसर्जन नहीं करवाया गया। कल सोमवार दोपहर माता की प्रतिमा को एक वाहन पर विराजकर नगर में विसर्जन जुलूस निकाला गया। इस भव्य जुलूस में बुलवाए गए कलाकारों की सुंदर प्रस्तुतियों ने नगरवासियों का मन मोह लिया।

शरद पूर्णिमा व वाल्मीकि जयंती पर साहित्य परिषद की काव्य गोष्ठी संपन्न



सारंगपुर। शरद पूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद, सारंगपुर द्वारा श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, पुराना दशहरा मैदान में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम शंकर पांडे ने कहा कि नारी केवल कोमलता का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध खड़ी होने वाली महाशक्ति भी है। उन्होंने शरद पूर्णिमा के आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला ने की, जबकि मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया विशेष अतिथि रहे। कवयित्री आशा व्यास ने मां शारदे की वंदना प्रस्तुत की। परिषद अध्यक्ष एवं गीतकार सुशील व्यास श्सारंगश् ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कृष्ण महारास पर आधारित रचना सुनाई।

नगर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने अपने आराध्य महर्षि वाल्मीकि की पूजा-अर्चना कर शोभायात्रा निकाली। महर्षि वाल्मीकि को संस्कृत का आदिकवि तथा पवित्र महाकाव्य रामायण का रचयिता माना जाता है। शोभायात्रा नगर के बस स्टैंड से प्रारंभ हुई, जो मुख्य बाजार (मेन मार्केट) से होते हुए सब्जी मार्केट पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान नगर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा। जगह-जगह



नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। जयंती के अवसर पर वाल्मीकि समाज के लोगों ने अपने आराध्य देव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इसके बाद महाप्रसादी एवं सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें कुरावर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर महर्षि वाल्मीकि के जीवन, आदर्शों और उनके द्वारा दिए गए संदेशों को याद किया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना देखने को मिली।

वाल्मीकि जयंती पर निकाली बाइक रैली



सारंगपुर। भगवान वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर सारंगपुर में वाल्मीकि समाज द्वारा बाइक रैली निकाली गई। रैली में समाज के युवाओं सहित अनेक समाजजन शामिल हुए। भगवान वाल्मीकि जी के जयकारों के साथ निकली रैली से नगर में उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल रहा। बाइक रैली की शुरुआत वार्ड क्रमांक 09 स्थित गोगा देव मंदिर से हुई। यहां से रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वार्ड क्रमांक 05 स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंची। रैली के दौरान समाज के युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नगर के विभिन्न मार्गों से निकली रैली का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। वाल्मीकि मंदिर पहुंचने के बाद समाजजनों की उपस्थिति में भगवान वाल्मीकि जी की आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। समाजजनों ने भगवान वाल्मीकि जी का स्मरण करते हुए उनकी शिक्षाओं और आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के अनेक युवा उपस्थित रहे। बाइक रैली का हिंदू उत्सव समिति सहित नगर के विभिन्न मंचों पर स्वागत किया गया। समाजजनों ने आयोजन में सहभागिता कर भगवान वाल्मीकि की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई।